भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3337

दिनांक 12 मार्च, 2026 को उत्तरार्थ

.....

राबर्ट्सगंज में सिंचाई सुविधाएं

3337. श्री छोटेलालः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सोनभद्र के राबर्ट्सगंज लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के किसान सुविधाओं के अभाव में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) बाणसागर बांध परियोजना से अहरौरा बांध में पानी छोड़े जाने और बाद में उसे भोका काटीबांध की ओर मोड़े जाने की संभावित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री
(श्री राज भूषण चौधरी)

(क): जल को राज्य का विषय होने के कारण, सिंचाई परियोजनाओं की योजना बनाना, उन्हें लागू करना, उनका संचालन और उनका प्रबंधन करना तथा राज्य में सिंचाई व्यवस्था को और अधिक व्यापक बनाने के लिए कार्य योजना तैयार करना, संबंधित राज्य सरकार का दायित्व है। भारत सरकार की भूमिका चल रही योजनाओं के अंतर्गत चिन्हित परियोजनाओं के लिए तकनीकी सहायता और आंशिक वित्तीय सहायता प्रदान करने तक सीमित है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि रॉबर्ट्सगंज संसदीय क्षेत्र में सिंचाई के लिए पाँच (05) बांध और 158 तटबंधों का निर्माण किया गया है, जिनके माध्यम से 1580.26 किमी की कुल लंबाई की 419 नहरों का नेटवर्क विकसित किया गया है और सिंचाई के लिए पर्याप्त जल की आपूर्ति की जा रही है।

(ख): उत्तर प्रदेश सरकार ने आगे सूचित किया है कि अहरउरा जलाशय मिर्जापुर जिले में स्थित है। इस जलाशय से निकलने वाली नहरों से उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर और चंदौली जिलों की सिंचाई होती हैं।

बानसागर बांध से जल को मेजा-जरगांव लिंक चैनल के माध्यम से जरगांव जलाशय तक पहुंचाया जाता है। बानसगर परियोजना में जरगांव फीडर नहर की क्षमता बढ़ाकर, अहराउरा बांध की नहर प्रणाली के अंतर्गत आने वाले मुगलसराय राजवाहा, भगवत राजवाहा और बेलहर राजवाहा को अतिरिक्त जल की आपूर्ति की जा रही है।

भोका बांधी, चंदौली जिले की भोका तहसील में स्थित है और इससे निकलने वाली नहरों की सिंचाई क्षमता 2033 हेक्टेयर की है।

अहरौरा बांध से भोका बांधी को जल की आपूर्ति करने का कोई प्रावधान नहीं है।

*****